
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 25.10.2021 से 30.10.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## शिक्षक एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात

(दिनांक 25.10.21)

**विषय: शिक्षक एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिक्षक और कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात की। प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन पॉलिसी और भर्तियों में पारदर्शिता के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी पदाधिकारियों से निष्ठा से हरियाणा की सेवा में कार्य करने का आवहान किया।



## अंतरराष्ट्रीय वैश्य समाज सम्मान समारोह


(दिनांक 25.10.21)



**विषय: अंतरराष्ट्रीय वैश्य समाज सम्मान समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी का अंतरराष्ट्रीय वैश्य समाज संगठन की ओर से दिल्ली में सम्मान किया गया। वैश्य समाज के विभिन्न प्रांतों और विदेशों से आए लोगों ने हिसार एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की आर्थिक उन्नति में वैश्य समाज के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हर खबर न्यूज चैनल का शुभारंभ

(दिनांक 25.10.21)

**विषय: हर खबर न्यूज चैनल का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में हरियाणा के लिए लांच किए गए नए न्यूज चैनल हर खबर की शुरूआत की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने मीडिया को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाने और निष्पक्ष होकर जनता के हित में पत्रकारिता करने का आवहान किया।




## रन्धावा सिरसा में जनसभा

(दिनांक 26.10.21)



**विषय: रन्धावा सिरसा में जनसभा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सिरसा के रन्धावा गांव में जनसभी की जिसमें उन्होंने ऐलनाबाद विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी श्री गोविंद कांडा जी के पक्ष में मतदान कर उन्हें जिताने की अपील की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऐलनाबाद की जनता बीजेपी को जिताने का मन बना चुकी है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## धौलपालिया गांव (ऐलनाबाद) में जनसभा

(दिनांक 27.10.21)

**विषय: धौलपालिया गांव (ऐलनाबाद) में जनसभा।**

**प्रभाव:** अपने दो दिवसीय ऐलनाबाद के दौरे के दौरान आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने एले नाबाद में कई जगह लोगों से मुलाकात की और धौलपालिया में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सरकार के 7 साल पूरे होने पर लोगों को शुभकामनाएं दी और सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताया। साथ ही गोविंद कांडा जी को विजय बनाकर सरकार के साथ मजबूत करने का आवहान किया।



## बीजेपी हरियाणा सरकार के 7 साल पूरे होने पर कार्यकर्ताओं से संवाद

(दिनांक 28.10.21)

**विषय: बीजेपी हरियाणा सरकार के 7 साल पूरे होने पर कार्यकर्ताओं से संवाद।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा सरकार के 7 साल पूरे होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और कहा कि बिना उनकी मेहनत के यह उपलब्धी संभव नहीं थी। साथ ही सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का आवहान किया।


## हरियाणा–अफ्रीका कानक्लेव

(दिनांक 29.10.21)



**विषय: हरियाणा–अफ्रीका कानक्लेव।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा विदेश विभाग की ओर से आयोजित हरियाणा–अफ्रीका कानक्लेव में हिस्सा लिया। इस कान्क्लेव में अफ्रीका महाद्वीप के 14 से भी अधिक देशों ने भाग लिया। यह किसी भी राज्य द्वारा आयोजित पहला कार्यक्रम है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में दूसरे देशों





के प्रतिनिधियों ने भाग लिया हो। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी देशों के प्रतिनिधियों का हरियाणा आने पर स्वागत किया और हरियाणा में व्यापार करने के लिए हर तरह के सहयोग देने का आष्वासन दिया साथ ही अफ्रीका को हरियाणा की पहली प्राथमिकता बताया।

## CMGGA के साथ बैठक

(दिनांक 29.10.21)



**विषय: CMGGA के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सुशासन सहयोगियों के साथ बैठक ली जिसमें उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के साथ ही कई नए प्रोजेक्ट जिसमें मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, ग्राम दर्शन, परिवार पहचान पत्र आदि को जोड़ने साथ ही अभी जमीनी स्तर पर सेवाओं और योजनाओं को लागू करने में जो कठिनाईयां आ रही हैं उन्हें दूर करने के लिए सुझाव देने के निर्देश दिए। सभी सुशासन सहयोगियों ने सरकार के 7 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री जी को बधाई भी दी।

## गुरूग्राम की बिजली की समस्या

(दिनांक 30.10.21)

**विषय: गुरूग्राम की बिजली की समस्या।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर गुरूग्राम में आ रही बिजली की समस्या की समीक्षा की और उसे दूर करने का निर्देश दिया, साथ ही जिन लोगों को बिजली कनेक्शन नहीं मिले हैं और जो बिजली के लिए जनरेटर पर निर्भर हैं उन्हें बिजली कनेक्शन देने और इसके लिए योजना बनाने के निर्देश दिए।